Rajathan Patrika

EDII

February 27, 2025
Pg. 2

आर्थिक विकास के लिए उद्यमिता का विकास महत्वपूर्ण : डॉ. राव

-ईडीआईआई में उद्यमिता पर 16 वां द्विवार्षिक सम्मेलन

अहमदाबाद @ पत्रिका. भारतीय प्रबंध संस्थान के पूर्व प्रो. व टी वी राव लर्निंग सिस्टम के फाउंडर व चेयरमैन (डॉ.) टी.वी.राव ने कहा कि आज की गतिशील अर्थव्यवस्था में, आर्थिक विकास और व्यावसायिक उन्नति के लिए उद्यमिता का विकास महत्वपूर्ण है। उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए नियमित अनुसंधान और नीति की वकालत करना भी महत्वपूर्ण है।

वे बुधवार को भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान (ईडीआईआई), अहमदाबाद के 16 वें द्विवार्षिक सम्मेलन के उद्घाटन समारोह को मुख्य अतिथि पद से संबोधित कर रहे थे। 'उद्यमिता' पर आधारित यह तीन दिवसीय सम्मेलन 28 फरवरी तक चलेगा। संस्थान 1994 से यह द्विवार्षिक सम्मेलन कर रहा है।

9 देशों के विद्वान पहुंचे, 148 शोध पत्र पेशः सम्मेलन में 9 से अधिक देशों के विद्वानों की ओर से 148 शोध पत्र पेश किए गए। उद्यमिता सिद्धांत और व्यवहार, उद्यमिता शिक्षा, उद्यमिता पारिस्थितिकी तंत्र, मनोविज्ञान और उद्यमिता, एमएसएमई उद्यमिता, प्रौद्योगिकी और डिजिटल उद्यमिता, स्टार्टअप और नवाचार, हरित और स्थायी उद्यमिता, सामाजिक उद्यमिता, संस्कृति, परंपरा और मूल्य आधारित उद्यमिता, महिला उद्यमिता, ग्रामीण उद्यमिता एवं नवजात उद्यमिता और नए उद्यम निर्माण और पारिवारिक व्यवसाय के विषयों पर 148 शोध पत्र और अध्ययन पेश किए गए।

ईडीआईआई के महानिदेशक डॉ. सुनील शुक्ला ने कहा कि यह द्विवार्षिक सम्मेलन लगातार दुनिया भर के शोधकर्ताओं और शिक्षकों को एक मंच प्रदान करता है, ताकि वे अपने विचारों और नवाचारों को साझा कर सकें।

सम्मेलन के तहत उद्यमिता शिक्षा में नवाचार पर कुलपति और निदेशक की कॉन्क्लेव भी आयोजित की गई। इसमें देश भर के विश्वविद्यालयों के कुलपति व निदेशक पहुंचे। इसका संचालन आईआईएलएम दिल्ली के महानिदेशक प्रोफेसर (डॉ.) हरिवंश चतुर्वेदी ने किया। पैनलिस्ट में आईआईएम रांची के निदेशक प्रो. (डॉ.) दीपक कुमार श्रीवास्तव, आईआईटी गांधीनगर के निदेशक प्रो. (डॉ.) रजत मूना, जीटीयू की कुलपति प्रोफेसर (डॉ.) राजुल गज्जर, निफ्ट गांधीनगर के निदेशक प्रो. (डॉ.) समीर सूद , अदानी विवि के प्रोवोस्ट (डॉ.) रवि पी सिंह शामिल थे। डॉक्टोरल कॉलोक्वियम में देशभर के पीएचडी विद्वानों और एफपीएम छात्रों को उनके शोध कार्य पर मार्गदर्शन दिया गया।

जर्नल ऑफ एंटरप्रेन्योरशिप का 33वीं वोल्युम (एवं तीसरा स्पेशल ईश्यु) रिलीज किया गया।